पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उपराष्ट्रपति को भेंट किया 'शतायु की ओर' पत्रक संग्रह एवं पुस्तिका 'शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आयुर्वेद'

लखनऊ: 04 दिसम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की उपस्थिति में धन्वन्तरि वाटिका राजभवन के प्रभारी एवं चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी ने आज उपराष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु को धन्वन्तरि वाटिका राजभवन द्वारा प्रकाशित 'शतायु की ओर' के 16 अंकों का संग्रह एवं 'शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आयुर्वेद' विषय पर प्रकाशित 17वें अंक की प्रति भेंट की तथा धन्वन्तरि वाटिका के बारे में बताया। उपराष्ट्रपति ने डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी के आयुर्वेद के विकास एवं उन्नयन हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजभवन में औषधीय पौधों की एक वाटिका 2001 में राज्यपाल श्री विष्णुकांत शास्त्री की प्रेरणा से स्थापित हुई थी जो प्रदेश में एक आदर्श वाटिका के रूप में जानी जाती है और प्रत्येक वर्ष धन्वन्तरि जयन्ती के अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा से संबंधित भिन्न-2 विषयों पर 'शतायु की ओर' पत्रकों का सम्पादन चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया है और इन पत्रकों का लोकार्पण राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा धन्वन्तरि जयन्ती को को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि 17 अक्टूबर 2017 को धन्वन्तरि जयंती (द्वितीय आयुर्वेद दिवस) को राजभवन के गांधी सभागार में भव्य रूप से मनाया गया और 'शतायु की ओर' पत्रक को अब पुस्तिका 'शिशु स्वास्थ्य सुरक्षित एवं आयुर्वेद' विषय पर प्रस्तुत किया गया है जिसका विमोचन राज्यपाल श्री राम नाईक द्वारा किया गया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (447/6)